हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
नवाबगंज, कानपुर – 208002, उ.प्र., भारत
HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY
NAWABGANJ, KANPUR - 208002, U.P., INDIA
(Formerly Harcourt Butler Technological Institute, Kanpur)
Phone : +91-0512-2534001-5, 2533812, website : http://www.hbtu.ac.in, Email : vc@hbtu.ac.in

पत्रांकः **590** /शैक्षिक/सप्तम् दीक्षान्त समारोह/2025 दिनांक सितम्बर **01**, 2025

:: दीक्षान्त समारोह ::

विश्वविद्यालय के पूर्व पत्रांक–475/शैक्षिक/सप्तम् दीक्षान्त समारोह/2025 दिनांक अगस्त 14, 2025 में आंशिक बदलाव करते हुए सूचित करना है कि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में बी0टेक0 / बी0बी0ए0 / एम0टेक0 / एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 / एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं हेतु **सप्तम् दीक्षान्त समारोह दिनांक सितम्बर 19, 2025 को प्रातः 09:00 बजे शताब्दी भवन, पश्चिमी प्रांगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से रिर्हसल में सहभाग करना होगा जो दिनांक सितम्बर 18, 2025 को अपरान्ह 02:30 बजे नियत किया गया है।** इस सम्बन्ध में उपाधि प्राप्तकर्ताओं को सूचित करना है कि सप्तम् दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए **दिनांक 10.09.2025 तक** अवश्य रूप से विश्वविद्यालय का नो–डयूज पूर्ण करते हुये, शैक्षिक अनुभाग में जमा करें। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट **(www.hbtu.ac.in)** के दीक्षान्त समारोह **"Seventh Convocation"** के टैब पर उपलब्ध पंजीकरण लिंक के माध्यम से **दिनांक 10.08.2025 से 10.09.2025 तक** पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी आवश्यक अन्य सूचनायें भी "दीक्षान्त समारोह" टैब पर समय–समय पर अपडेट की जायेगीं।

सूचित हों कि सभी उपाधि प्राप्तकर्ताओं को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित वेशभूषा (ड्रेस) जिसमें छात्रों को सफेद कुर्ता–पैजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–सूट में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उत्तरी एवं साफा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका शुल्क **रु0 500/–** देय होगा (परिधान छात्र–छात्रा अपने साथ ले जा सकेगें)। परिधान शुल्क पंजीकरण के बाद ही देय होगा, उससे सम्बधी दिशा–निर्देश पंजीकरण लिंक https://hbtu.samarth.edu.in/convocation/index.php/convocation/convocation-user/registration-instruction के टैब के बिन्दु सं0 6 पर उपलब्ध है।

सभी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रायें दिनांक सितम्बर 19, 2025 को प्रातः 08:30 बजे तक शताब्दी भवन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। छात्र–छात्राओं को ये भी सूचित किया जाता है कि दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग करने के लिए Convocation pass का होना अति आवश्यक है। Convocation pass पंजीयन एवं शुल्क जमा करने के उपरान्त HBTU Convocation portal (https://hbtu.samarth.edu.in/convocation/index.php/convocation/convocation-user/registration-instruction) के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकेगा। निर्धारित समय के बाद अथवा बिना पोशाक एवं उत्तरीय धारण किये छात्रों को सभागार में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

पदक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को दीक्षान्त समारोह में माता–पिता अथवा पति/पत्नी को सम्मिलित करने हेतु पूर्वानुमति आवश्यक होगी। ये पूर्वानुमति सीमित संख्या में convocation@hbtu.ac.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

प्रो0 ललित कुमार सिंह
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप